हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–103 : जौनपुर, बुधवार 08 जून 2022 | सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) | पेज –4 | मूल्य : 2 रूपया

## चार जुलाई को दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र आ सकते हैं पीएम मोदी

वाराणसी ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार जुलाई को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर बनारस आ सकते हैं। प्रधानमंत्री के आगमन की सुगबुगाहट के साथ ही प्रशासन लोकार्पण और शिलान्यास होने वाली परियोजनाओं को पूरा करने में जुट गया है। इस दौरे में पीएम मोदी करीब दो दर्जन से ज्यादा परियोजनाओं का लोकार्पण और एक दर्जन से ज्यादा परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही काशीवासियों से भी संवाद का कार्यक्रम भी तय किया जा रहा है। प्रदेश में योगी–2 सरकार के गठन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले वाराणसी दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर से तैयारियां शुरू हो गई हैं। शासन स्तर से मिले संकेत के बाद दो दिवसीय दौरे की रूपरेखा बनाई जा रही है।

जनसभा को कर सकते हैं संबोधित

दरअसल, शिक्षा मंत्रालय की ओर से वाराणसी में नई शिक्षा नीति के मंथन के लिए देशभर के कुलपतियों के प्रस्तावित सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके साथ ही पीएम मोदी अपने संसदीय क्षेत्र में पूरी हो चुकी परियोजनाओं की सौगात भी काशीवासियों को देंगे। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार पीएम चार और पांच जुलाई को वाराणसी में प्रवास करेंगे। इस दौरान पीएम जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। यहां बता दें कि विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान पीएम मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र में प्रवास किया था। अब जुलाई में पीएम मोदी का अगर दौरा तय होता है तो



वे करीब चार महीने बाद अपने संसदीय क्षेत्र में आएंगे।

इन प्रमुख परियोजनाओं को होगा लोकार्पण– नमो घाट के पहले चरण की परियोजना। चौकाघाट लहरतारा फ्लाईओवर के नीचे नाइट बाजार। दशाश्वमेध घाट पर बनकर तैयार प्लाजा। ग्रामीण इलाके में बने दमकल स्टेशन इन प्रमुख परियोजनाओं का शिलान्यास कैंट से गोदौलिया के बीच प्रस्तावित रोपवे। रामनगर से पड़ाव के बीच रिवर फ्रंट परियोजना। काशी विश्वनाथ धाम को जोड़ने वाला पैडस्ट्रियन ब्रिज। सिगरा स्टेडियम में मल्टीपल इंडोर स्टेडियम

## किठौर में वर्चस्व की लड़ाई से आईटीआई छात्र की हत्या

मेरठ ब्यूरो : मेरठ के किठौर थानाक्षेत्र के छरा में मंगलवार शाम दो युवकों ने आईटीआई छात्र तरुण गिरि (24) को फोन करके बुलाया और उसे पीटकर मार डाला। इससे नाराज गांववालों ने हंगामा किया। मृतक के परिजनों ने दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि छात्रों में वर्चस्व को लेकर दो साल से विवाद चल रहा था। पुलिस के मुताबिक, परीक्षितगढ़ थानाक्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी मनोज गिरि के बेटे तरुण गिरी किठौर स्थित एक कॉलेज का आईटीआई छात्र था। परिजनों का आरोप है कि तुषार भाटी निवासी इंद्रपुरा किठौर और गुल्लू निवासी हसनपुर कलां किठौर ने तरुण गिरि को मंगलवार फोन करके माछरा में बुलाया था। दोनों युवकों ने पांच–छह साथियों के साथ मिलकर तरुण की पिटाई की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लहूलुहान हालत में उसे पड़ा देख लोगों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे मेडिकल रेफर किया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। छात्र की हत्या का पता लगते ही गोविंदपुर गांव के लोग भी मेडिकल पहुंच गए। परिजनों ने और ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। मामला तूल पकड़ने पर कार्यवाहक थाना प्रभारी किठौर नरेश कुमार पुलिस टीम के साथ मेडिकल पहुंचे।ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया और शव पोस्टमार्टम हाउस भेजा। पुलिस ने बताया कि जानलेवा हमले की धारा में तुषार भाटी और गुल्लू को नामजद करते हुए शाम को मुकदमा दर्ज कर लिया था। एक युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। छात्र की मौत का पता लगने पर पुलिस ने मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ा दी है। प्राथमिक जांच में छात्रों की आपसी रंजिश का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच करने में जुटी है। पीड़ित परिवार के लोगों से जानकारी ली जा रही है। रात में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया चल रही है।

## प्राइवेट बैंक के मैनेजर ने दोस्त का खाता खोल किया 52 करोड़ का लेनदेन : नोटिस से फ्रॉड का खुलासा : आरोपी गिरफ्तार

मिर्जापुर ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के कटरा कोतवाली क्षेत्र के तेलियागंज मोहल्ले में रहने वाले दोस्त ने ही दोस्ती के नाम पर प्रयागराज जिले के बैंक का खाता खोल कर 52 करोड़ का लेनदेन कर डाला। 2014 में खुले खाते की जानकारी इनकम टैक्स विभाग के नोटिस मिलने के बाद खुलासा हुआ। जिसमें ढाई करोड़ का रिटर्न दाखिल करने को कहा गया है। मामले के खुलासे के बाद फर्जीवाड़े के आरोपी बैंक मैनेजर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार वर्मा ने बताया कि कटरा कोतवाली क्षेत्र के तेलियागंज निवासी आशीष सिंह प्रयागराज के एक्सिस बैंक के चौक शाखा में असिस्टेंट मैनेजर के रूप में नियुक्त था। तेलियागंज निवासी जयप्रकाश केसरी उसका मित्र है। 2014 में आशीष ने जयप्रकाश को बताया कि उसे खाता खोलने का टारगेट मिला है। लिहाजा दोस्त की नौकरी बचाने के लिए जय प्रकाश ने अपने आवश्यक कागजात दे दिए। खाता के बारे में पूछने पर बताया कि तुम्हारे नाम से खाता खोलने की जरूरत नहीं पड़ी। इस बात को वह भूल गया। फर्जी तरीके से खुले खाते से होता है ब्लैक मनी का लेनदेन इसके बाद बैंक मैनेजर आशीष अपने दोस्त जय प्रकाश के खाते से लगातार लेनदेन कराता रहा। 17 मई 2021 को जयप्रकाश केसरी को आयकर विभाग के नोटिस मिली जिसमें ढाई करोड़ का टैक्स जमा करने का आदेश आया तो उसके कान खड़े हो गए। जयप्रकाश केसरी ने अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट को इस बारे में बताया। जयप्रकाश के पता चला के उसके नाम से प्रयागराज स्थित एक्सिस बैंक में खाता है,



जिससे 52 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। इसी लेनदेन को लेकर आयकर विभाग की नोटिस आई है। इसके बाद भुक्तभोगी ने कटरा कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई। आरोपी बैंक मैनेजर प्रोन्नत होकर बिहार चला गया था। पुलिस ने आरोपी मैनेजर आशीष सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सिटी ने बताया कि फर्जी तरीके से खाता खोलकर ब्लैक मनी को खाते में जमा किया जा रहा था। 47 लोगों का फर्जी खाता खोल कर दो हजार करोड़ का ट्रांसफर किया गया है। इसमें जयप्रकाश केसरी के खाते से 52 करोड़ का ट्रांजिक्शन हुआ था। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच की जा रही है।

## थाना सुजानगंज व थाना महराजगंज की संयुक्त टीम द्वारा नाबालिग से बालात्कार का आरोपी पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एंव अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जनपद जौनपुर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर जौनपुर के पर्यवेक्षण में थाना सुजानगंज व महराजगंज की संयुक्त टीम द्वारा नाबालिक से बालात्कार के आरोपी को पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक तंमन्चा 315 बोर एक खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। दिनांक 07.06.2022 को थाना सुजानगंज क्षेत्रान्तर्गत घटित नाबालिग से बालात्कार की घटना के छानबीन के क्रम में अभियुक्त को थाना ले आया गया, अभियुक्त से हिकमत अमली से पूछताछ के क्रम में जब बलात्कार पीडिता के सहपाठी बच्चो से आमना सामना कराया गया तो बच्चो ने उक्त अभियुक्त को पहचान लिया और बताया कि यही पीडिता को बार बार अपने पास बुला रहा था व कान में कुछ बोल रहा था निश्चित ही पीडिता इसी के साथ गयी थी। उक्त बातचीत के बाद अभियुक्त द्वारा अपने जुर्म को कबुल लिया गया, और बताया कि कल मेरे से गलती हो गयी और मैने घटना के बाद अपने पहने हुए कपड़ो को सरोज विद्याशंकर डिग्री कालेज बहद ग्राम फरीदाबाद के सामने सुनसान व सरपत लगे हुए जगह में झोला में रख कर छुपाकर रखा हुँ क्योकी उसमें दाग लग गया था । आप मेरे साथ चलिये तो मै वह स्थान दिखा सकता हूँ । इस जानकारी पर पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियुक्त को बताये गये स्थान पर ले जाया गया । जहाँ अपने कपड़ो का झोला खोजने के लिये जैसे ही सरपत के पास गया तो वहाँ उसके द्वारा झोले में छुपाकर रखे गये तमन्चे को उसने हाथ मे लेकर पुलिस की तरफ अचानक जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। जिसमे पुलिस टीम झुककर सीखे सिखाये तरीके से बच गयी । पुनः अभियुक्त द्वारा तमंचा लोड कर फायर का प्रयास किया गया तो पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियुक्त पर आत्मरक्षार्थ फायर किया गया जिसमें अभियुक्त घायल होकर गिर पड़ा घायल



अभियुक्त को तत्काल ब्भ्ब् सुजागनंज ले जाया गया । जहाँ उसे तुरन्त ही सदर अस्पताल जौनपुर के लिये रेफर कर दिया गया । सुसंगत धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1.जितेन्द्र कुमार पुत्र रामदास निवासी देवापुर थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। अपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 112/2022 धारा 376 भा0द0वि0 व 5उ6 पाक्सो एक्ट थाना सुजानगंज। 2.मु0अ0सं0 115/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सुजानगंज जौनपुर। 3.मु0अ0सं0 114/2022 धारा 307 भा0द0वि0 थाना सुजानगंज जौनपुर। बरामदगी विवरण 1.एक तमन्चा 315 बोर मय एक खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस। 2.कपड़ो का गट्ठर (एक पैन्ट , एक शर्ट व अन्तः वस्त्र)। गिरफ्तार करने वाली टीम– 1. प्र0नि0 कृष्ण कुमार सिंह थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 ईश्वरचन्द्र त्रिपाठी थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 3. उ0नि0 मंजीत कुमार थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 4. हे0का0 अनिल यादव थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 5. हे0का0 अरुण यादव थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 6. हे0का0 अशोक कुमार थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 7. का0 रामनिवास यादव थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 8. श्री सन्तोष शुक्ला थानाध्यक्ष महराजगंज जनपद जौनपुर। 9. का0 ईश्वर कुमार थाना महराजगंज जौनपुर। 10.का0 दीपक दीक्षीत, थाना महराजगंज जौनपुर।

## धार्मिक भावनाएं आहत करने का वाद सुनवाई योग्य नहीं : सख्त टिप्पणी के साथ मामला खारिज

वाराणसी ब्यूरो : ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग की जानकारी के बाद भी वहां वजूस्थल बनाकर हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के संयुक्त सचिव सहित सैकड़ों अज्ञात पर मुकदमा दर्ज करने की मांग संबंधी वाद को विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सर्वोत्तमा नागेश वर्मा की अदालत ने सुनवाई के योग्य नहीं माना है। अदालत ने मंगलवार को वादी पक्ष पर सख्त टिप्पणी के साथ वाद को खारिज कर दिया। वाद को खारिज करते हुए अदालत ने टिप्पणी की, कि ज्ञानवापी मस्जिद के मामले में सिविल वाद और सर्वे के तथ्य अलग हैं। यह मामला संवेदनशील है और सिविल न्यायालय में विचाराधीन हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि वादी ने संवेदनशील मुद्दे पर व्यक्तिगत रूप से अपना हित साधने और लाइम लाइट में बने रहने के लिए आवेदन दिया है। अदालत ने कहा कि यह कदापि उचित नहीं है। वाद पोषणीय (सुनने योग्य) नहीं होने के कारण खारिज किया जाता है। प्रार्थी राजा आनंद ज्योति सिंह की ओर से विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया था कि ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर मिले शिवलिंग की जानकारी होने के बाद भी वजू स्थल बनाया गया था। वहां गंदा पानी गिराए जाने के चलते हिंदू धर्मावलंबियों की धार्मिक भावना आहत हुई है। पूजा की मांग पर सुनवाई पूरी ज्ञानवापी में मिले शिवलिंग के राग, भोग, पूजन–अर्चन की मांग पर मंगलवार को जिला जज की अदालत में सुनवाई पूरी कर ली गई। राग, भोग के लिए अनुमति देने की याचना के लिए वादी



पक्ष के अधिवक्ताओं ने करीब आधे घंटे तक दलीलें दीं। अदालत ने सुनवाई के बाद आदेश के लिये पत्रावली सुरक्षित कर ली। अब इस मामले में अदालत के फैसले का इंतजार है। जारी रहेगा स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का अनशन अयोध्या के संत जीयर स्वामी ने मंगलवार को केदारघाट स्थित श्रीविद्यामठ में मंगलवार सुबह अनशन पर बैठे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ज्ञानवापी नंदी का पूजन करने का हवाला देते हुए अनशन खत्म करने की अपील की, लेकिन स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद अपनी मांगों पर अड़े रहे। अविमुक्तेश्वरानंद पिछले पांच दिन से अनशन पर हैं। अयोध्या से पधारे जीयर स्वामी और अविमुक्तेश्वरनंद के बीच करीब डेढ़ घंटे तक चली वार्ता बेनतीजा खत्म हुई। अनशन पर बैठे संत ने कहा कि जब तक ज्ञानवापी में पूजन–अर्चन नहीं कर लेते अनशन खत्म नहीं होगा।

## भाजपा नेताओं पर हमले के आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

प्रयागराज ब्यूरो : अलीगढ़ के बन्नादेवी के चर्चित भाजपा नेता लालाजी वर्मा व पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र पर हमले के आरोपी भाजपा से ही जुड़े पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र प्रताप पिंका ठाकुर की अग्रिम जमानत अर्जी इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि याची को अग्रिम जमानत अर्जी पर राहत देने का कोई मजबूत आधार नहीं बन रहा है, लिहाजा अग्रिम जमानत अर्जी खारिज की जाती है। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने याची महेंद्र प्रताप सिंह पिंका ठाकुर की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिया है। इसके पहले कोर्ट में याची की ओर से तर्क दिया गया कि उसे गलत रूप से फंसाया गया है। वह निर्दोष है, जबकि सरकारी अधिवक्ता ने अग्रिम जमानत अर्जी का विरोध किया। कहा कि याची के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 82 के तहत कार्रवाई की जा चुकी है, इसलिए याची अग्रिम जमानत पाने का हकदार नहीं है। कोर्ट में दोनों पक्षों को सुनने के बाद याची की अग्रिम जमानत अर्जी को खारिज कर दिया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## 740 धात्री व गर्भवती महिलाओं को वितरित किया गया पुष्टाहार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा प्रतिमाह आंगनवाड़ी केंद्र पर निशुल्क पुष्टाहार का वितरण किया जाता है। इसी क्रम में बुधवार को नगर परियोजना अधिकारी मनोज कुमार के निर्देश पर मुख्य सेविका अनीता यादव द्वारा नगर के परमानतपुर



उमरपुर ,रौजा अर्जन मोहल्ले में विभिन्न केंद्रों पर पुष्टाहार का वितरण कराया गया। लगभग 740 धात्री व गर्भवती महिलाओं और 6 माह से 3 वर्ष के बच्चो को पुष्टाहार वितरित किया गया।लोग 3 माह का पुष्टाहार पाकर काफी खुश नजर आए। लोगों को पूरे 3 माह का पुष्टाहार पैकेट में कर कर दिया गया। पुष्टाहार प्राप्त करने वाली महिलाओं ने खुशी जाहिर करते हुए सरकार को धन्यवाद दिया। कहा कि इस तरह की योजनाएं गरीब परिवारों के लिए चलाए जाना सरकार का एक अनोखा पहल है।इससे हम लोगो को काफी राहत मिलेगी।इस अवसर पर बीजेपी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रागिनी सिंह जिला उपाध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्तव आदि उपस्थित रही।

## महिलाओं को पूर्ण रूप से सुरक्षा प्रदान की जाएगी : मनोज कुमार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रदेश सरकार ने विभिन्न जिलों में कानून व्यवस्था चुस्त–दुरुस्त करने के उद्देश्य से बीती रात 69 डिप्टी एसपी के कार्य क्षेत्रों में फेरबदल किया है इसके तहत जनपद जौनपुर के क्षेत्राधिकारी सदर रणवीर सिंह का तबादला बरेली



जनपद के लिए हुआ है तो वही उनके स्थान पर क्षेत्राधिकारी सदर के रूप में मनोज कुमार सिंह ने बुधवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया है। इससे पूर्व मनोज कुमार पुलिस अधीक्षक के पीआरओ के रूप में भी कार्य कर चुके है।कार्यभार संभालते ही उन्होंने देश की उपासना ब्यूरो प्रमुख से बात करते हुए कहा कि अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा तथा महिलाओं को पूर्ण रूप से सुरक्षा प्रदान की जाएगी। गरीब और मजलूम लोगों को प्रशासन की ओर से हर संभव मदद की जाएगी।कोई भी पीड़ित व्यक्ति हमसे किसी भी समय मिलकर अपनी बात कह सकता है।मैं हमेशा जनता की सेवा के लिये तत्पर हूं।

## नहाने गए तीन छात्र संगम में डूबे, एसडीआरएफ और जल पुलिस खोजबीन में जुटी

प्रयागराज ब्यूरो : संगम में नहाने गए तीन छात्र डूब गए। एसडीआरएफ एवं जल पुलिस खोजबीन में जुटी है।हनी सचान, अमन कुशवाहा और प्रणव दुबे नहाते समय गंगा में डूबे हैं। चौथे दोस्त मनीष सिंह का कहना है कि मंगलवार की रात चारों संगम घूमने आए थे। वह संगम किनारे कपड़े देख रहा था तीनों अचानक गायब हो गए।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जिंदगी में वहां तक झुको जहां तक संबंधों में लचकता और मन में आत्म – सम्मान बना रहे।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# यूपीएससी : सिविल सेवा में छोटे शहरों की धमक

हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) के पूर्व अध्यक्ष और भारत में राज्य लोक सेवाओं के सभी अध्यक्षों की स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष के रूप में, इस लेखक को हिमाचल प्रशासनिक सेवा पाठ्यक्रम को आईएएस पैटर्न में तब्दील करने का अवसर मिला, जिसने छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के उम्मीदवारों की काफी मदद की।

इससे कोई इनकार नहीं कर सकता कि सिविल सेवा के अधिकारी केंद्र एवं राज्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और यह सच्चाई तबसे प्रचलित है, जब 19वीं सदी में इसकी स्थापना की गई थी और इसे आईएएस के बजाय आईसीएस कहा जाता था। लॉर्ड कार्नवालिस को आधुनिक भारतीय सिविल सेवा का जनक कहा जाता है। अंग्रेज आईसीएस को भारतीय प्रशासन का स्टील फ्रेम कहते थे। वर्ष 1924 में यूपीएससी की स्थापना की गई और उसे इस प्रतिष्ठित सेवा के अधिकारियों के चयन का काम सौंपा गया।

यदि कोई यह मानता है कि केंद्र और राज्यों में नौकरशाही का शासन नहीं है, तो वह गलत है, इसे रोजमर्रा के जीवन में देखा जा सकता है। किसी भी शासन की सफलता सिविल सेवा के अधिकारियों के संचालन पर निर्भर करती है। यह ब्रिटिश राज से हमें विरासत में मिली है, जो आज भी बदली नहीं है। यह एक तथ्य है कि अधिकांश राजनेता, जो शासन में होते हैं, उनके पास अनुभव, निर्णय लेने की क्षमता, फाइल कार्य, तकनीकी, नियमों और विनियमों आदि का ज्ञान नहीं हो सकता है, इसलिए नौकरशाह उनके मार्गदर्शक बन जाते हैं, जो उन पर उनकी निर्भरता बढ़ाता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि कोई भी शासन तभी सफल हो सकता है, जब उसके पास प्रतिबद्ध, समर्पित और ईमानदार आईएएस अधिकारी हों, यदि ऐसा नहीं है, तो विफलता निश्चित है। अभी संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा, 2021 के अंतिम परिणामों में शीर्ष स्थान पर महिलाएं ही चुनी गई हैं, जिनके नाम क्रमशः श्रुति शर्मा, अंकिता अग्रवाल और गामिनी सिंगला हैं। वर्ष 2021 में परीक्षा उतीर्ण करने वाले कुल उम्मीदवारों में 508 पुरुष एवं 177 महिलाएं हैं।

वर्ष 2011 से सिविल सेवा योग्यता परीक्षा की शुरुआत, प्रचुर प्रतिभा, कठिन मेहनत, महत्वाकांक्षा, प्रतिबद्धता एवं उत्साह के कारण बड़ी संख्या में छोटे शहरों एवं ग्रामीण इलाकों के गैर–अंग्रेजी भाषी उम्मीदवार अंतिम रूप से चयनित होते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि गैर–अंग्रेजी भाषी विश्वविद्यालयों और छोटे शहरों के उम्मीदवारों की सफलता सिविल सेवा परीक्षाओं में एक स्थायी विशेषता बन गई है, हालांकि कई अंतर्निहित कमजोरियों और वंचना के कारण यह बहुत उत्साहजनक नहीं है।

एक आकलन के अनुसार, गैर–अंग्रेजी पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों की संख्या 2008 में 48.4 प्रतिशत थी, जो घटकर 2017 में केवल 8.7 प्रतिशत रह गई, लेकिन यूपीएससी अधिकारियों ने इन संख्याओं की पुष्टि करने से इनकार कर दिया। विशेषज्ञों और शिक्षाविदों का मानना है कि यूपीएससी को अपने चुने गए उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि का विश्लेषण करें, जिसमें क्षेत्रीय, भाषायी और शैक्षिक क्षमता शामिल है। उन्हें लगता है कि यह आवश्यक है, क्योंकि एक तरफ सरकार सिविल सेवाओं के भीतर क्षेत्रगत विशेषज्ञता पर जोर दे रही है, जबकि दूसरी तरफ यह समान पृष्ठभूमि से इंजीनियरों या डॉक्टरों को लेती रहती है।

केंद्र सरकार राज्य सरकारों को राज्य स्तरीय लोक सेवा परीक्षा के लिए नए पाठ्यक्रम शुरू करने की सलाह देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, जो सिविल सेवाओं के अनुरूप है, जिससे आईएएस उम्मीदवारों की बुनियाद तैयार की जा सकती है, जो आत्मविश्वास के अलावा उन्हें बेहतर ढंग से तैयार करेंगे। अब तक राज्य सरकारों ने आईएएस पैटर्न नहीं अपनाया है, जिससे करोड़ों वैसे छात्र नौकरी से वंचित रह जाते हैं, जिन्हें पुराने पैटर्न के आधार पर कई वर्षों की तैयारी को छोड़ना पड़ता है, क्योंकि यह अगले स्तर की सिविल सेवा परीक्षा के लिए पूरी तरह से अप्रासंगिक है।

हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) के पूर्व अध्यक्ष और भारत में राज्य लोक सेवाओं के सभी अध्यक्षों की स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष के रूप में, इस लेखक को हिमाचल प्रशासनिक सेवा पाठ्यक्रम को आईएएस पैटर्न में तब्दील करने का अवसर मिला, जिसने छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के उम्मीदवारों की काफी मदद की। भारत के कई राज्य लोक सेवा आयोगों द्वारा उस पैटर्न को लागू किया जा रहा है, क्योंकि यह सिविल सेवाओं की नींव बनाने में बहुत योगदान दे रहा है, खासकर तब, जब विभिन्न राज्य आयोगों के पाठ्यक्रम सिविल सेवाओं की तैयारी के लिए अप्रासंगिक थे।

दूसरी बात, इस लेखक ने अंग्रेजी या हिंदी में साक्षात्कार का विकल्प पेश किया, जिसने ग्रामीण उम्मीदवारों के सिविल सेवाओं में सफलता अनुपात में वृद्धि हुई। ऐसा ही उन राज्यों में भी देखा गया, जो एचपीएससी का अनुसरण करते थे। तीसरी बात, आंकड़ों से पता चला कि आईएएस परीक्षा में सफलता उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता या शैक्षणिक पृष्ठभूमि पर निर्भर नहीं करती है। यह काफी हद तक एकांगी निष्ठा, समर्पण और अनुशासन के साथ यूपीएससी की तैयारी पर निर्भर करती है।

अधिकतम अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली आदि राज्यों से चुने जाते हैं और तीन साल के आंकड़े से पता चलता है कि चयनित उम्मीदवारों में से 40 प्रतिशत इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि वाले थे, क्योंकि उन्हें अच्छे अंक दिलाने वाले विषयों का चयन करने में फायदा होता है। यूपीएससी के विविधीकरण के प्रयासों के बावजूद, देश की नई सिविल सेवाओं में अभी इंजीनियरों का हिस्सा 60 प्रतिशत है। यूपीएससी के पूर्व अध्यक्षों का कहना है कि अंग्रेजी माध्यम और निजी स्कूलों की पृष्ठभूमि न होना छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के उम्मीदवारों के लिए आईएएस अधिकारी बनने में बाधा नहीं बना है, अन्यथा इसे पहले बड़ा कलंक माना जाता रहा है।

उन्हें लगता है कि अमीर और कुलीन वर्ग के उम्मीदवारों के कोचिंग करने का एक फायदा है, लेकिन समाज के अन्य समूहों के उम्मीदवारों की प्रतिभा और कड़ी मेहनत के कारण अंतर कम हो गया है। हमारे लोकतंत्र के अन्य भ्रष्ट स्तंभों की तरह नौकरशाही भी स्वाभाविक रूप से भ्रष्ट हो गई है। हालांकि कई ईमानदार अधिकारी हैं, लेकिन कई घोटाले सामने आए हैं, जो राजनीतिक आकाओं के साथ आईएएस अधिकारियों की संलिप्तता साबित करते हैं। विशेषज्ञ इस बात पर एकमत हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा के लिए समर्पण और प्रतिबद्धता की भावना पैदा करने के लिए युवा आईएएस अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण की सख्त आवश्यकता है, जो समाज के जरूरतमंद वर्गों की शिकायतों के बेहतर निवारण में मदद करेगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## भाजपा पदाधिकारियों ने राशन की दुकानों पर कराया वितरण : युवा मोर्चा ने निकाली विकास तीर्थ बाइक रैली

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : केंद्र नीत भाजपा की मोदी सरकार के 8 साल पूरे होने पर पार्टी कई अभियान और कार्यक्रम चलाकर मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान और कल्याणकारी योजनाएं को जनता के बीच लगातार पहुंचा रही है। इसी क्रम में आज वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों द्वारा राशन की दुकानों पर जाकर अपनी देखरेख में राशन वितरण कराया। जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्र ने शाहाबाद में राशन की दुकान पर पहुंचकर वितरण कराया। युवा मोर्चा ने न्यू रेलवे स्टेशन से एकत्र होकर बाइक रैली निकाली रैली की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्षा प्रेमवती वह पूर्व जिला अध्यक्ष राम बहादुर सिंह व जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित ने झंडा दिखाकर रवाना किया विकास तीर्थ बाइक रैली नगर के प्रमुख चौराहों से होकर श्रीशचंद्र बारात घर में गोष्टी के आयोजन के बाद समापन गोष्ठी में जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा आकाश सिंह ने कहा हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 में बनी पूर्ण बहुमत की भारतीय जनता पार्टी की सरकार के सफलतम 8 वर्ष पूर्ण होने पर आज भारतीय जनता युवा मोर्चा हरदोई ने नगर में विकास तीर्थ बाइक रैली का आयोजन किया गया 2014 से पूर्व जहां देश मे भाई भय भूख भ्रष्टाचार पर्याप्त मात्रा में फैला था एक ऐसा वातावरण तैयार हुआ था जिसमें लोगों को सांस लेना ही मुश्किल हो गया था 2014 के बाद जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हुए जहां एक तरफ भय मुक्त भ्रष्टाचार शांत हो रहा है वहीं दूसरी तरफ विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं लोगों में विकास की भूख लगी है उसी कड़ी में आज हरदोई जनपद में बहुत सारे विकास हुए हैं चाहे हरदोई में मेडिकल कॉलेज एक केंद्रीय विद्यालय सभी वर्गों के लिए



सरकार विकास कर रही है इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनुराग मिश्रा जिला महामंत्री प्रखर अग्निहोत्री भास्कर मौर्य जिला मीडिया प्रभारी अनुज मिश्रा जिला उपाध्यक्ष कार्तिकेय तिवारी वीरेंद्र सिंह रवि चौधरी जिला मंत्री मयंक सिंह जिला कार्यसमिति सदस्य राजीव राठौर वैभव श्रीवास्तव अभिषेक प्रताप सिंह हरदोई नगर के नगर अध्यक्ष अभिषेक सिंह गोविंदा मंडल अध्यक्ष गौरव मिश्रा सुमित प्रजापति मुकेश अवस्थी नैमिष मिश्रा आकाश गुप्ता आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी के रिपोर्ट टू नेशन अभियान में सदर सांसद जयप्रकाश रावत ने टडियावा में बूथ संपर्क कर पत्रक बांटे तथा सरकारी राशन की दुकान पर लोगों को राशन वितरित किया। ग्राम–हरिहरपुर के बूथ संख्या–301,302,303 पर डोर टू डोर बूथ संपर्क कर बैठक में लोगों को संबोधित भी किया सांसद संग जनसंपर्क के दौरान रामकिशोर गुप्ता गुड्डू , महेश गुप्ता मंडल अध्यक्ष टड़ियावां , अंकित गुप्ता पूर्व महामंत्री, पंकज गुप्ता बूथ अध्ययक्ष, प्रमोद बूथ अध्यक्ष , श्रवण सिंह बूथ अध्यक्ष , प्रेम कुमार गुप्ता मंडल उपाध्यक्ष , इसरार अहमद अल्पसंख्यक मंडल अध्यक्ष , अम्बरीश द्वेवेदी जिलाकार्य समिति सदस्य रामौतार बाजपेयी मंडल उपाध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जैसिंहपुर क्षेत्र में अवैध पटाखा फैक्ट्री से विस्फोटक पदार्थ के साथ आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने का किया दावा

सुल्तानपुर।(अमित श्रीवास्तव क्राइम ब्यूरो सुल्तानपुर) जिले के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के सेमरी बाजार कस्बे के सिसौड़ा निवासी मोहम्मद नफीस उर्फ बबलू घनी आबादी के बीच बने अपने घर से अवैध ढंग से पटाखा फैक्ट्री संचालित कर रहा था।सूत्र के मुताबिक एसडीएम को सूचना मिली कि फैक्ट्री का लाइसेंस हसीना बानो के नाम बगिया चौराहे का लिया गया था।जो साल 2017–18 में समाप्त हो गया था।इसी कड़ी में शनिवार को एसडीएम अरविंद कुमार ने सीओ जैसिंहपुर कृष्णकांत सरोज व भारी बल के साथ पटाखा व्यवसाई के घर पर छापेमारी की थी।पुलिस के मुताबिक आरोपी पिछले 4 साल से अपने घर में ही फैक्ट्री का संचालन कर रहा था।उसका लाइसेंस उसके किसी रिश्तेदार के नाम पर था।जो कि 2018 में ही निरस्त हो गया था।पुलिस ने उसके घर से 16 किलो विस्फोटक बरामद किया।पुलिस अब उसको जेल भेजने की कार्यवाही कर रही है।अभी हाल ही में हुए हापुड़ हादसे के बाद से पुलिस–प्रशासन पटाखा फैक्ट्रियों के संचालन को लेकर सचेत हो गया है।वहां से बड़ी संख्या में विस्फोटक पाया गया।उसकी दो दिनों तक गहन जांच हुई।इस संबंध में जयसिंहपुर कोतवाली प्रभारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि विस्फोटक सामग्री, बारूद, आतिशबाजी व 16 किलो से अधिक बारूद बरामद हुआ है।सभी सामग्री को सील किया गया है। पकड़े गये व्यक्ति के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उसे जेल भेजा जा रहा है।बताते चलें कि जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में इस तरह का यह कोई पहला मामला नहीं है।सूत्र के मुताबिक वर्ष 2019 के मई माह में कोतवाली क्षेत्र के पदारथपुर गांव में आबादी के बीच स्थित गांव के ही अकबर अली पुत्र स्व.सुलेमान के पक्के मकान में विस्फोट होने से दो मंजिला मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया। विस्फोट में अकबर अली की पत्नी किस्मतुल निशा (45) की मलबे के नीचे दबने से मौत हो गई थी। हादसे में अकबर अली (50) उनका बेटा शौकीन (17) बेटी अफसाना (23) बहू जैनब (30) पत्नी सोनू घायल हुए थे।जिनको अस्पताल पहुंचाया गया था।विस्फोट इतना जोरदार था कि पड़ोसी हसीब का मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया।अकबर अली भी पटाखे बनाने का काम करता था। जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। इससे पहले अप्रैल 2011 में पटाखे के धमाके से अकबर अली के पिता सुलेमान की भी मौत हुई थी।जिसका जयसिंहपुर कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज किया गया था।

## गेम पब्जी खेलने से रोका तो नाबालिग ने मां को मारी गोली : तीन दिन तक छिपाए रखा शव

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में पबजी गेम के आदी नाबालिग बेटे ने मां साधना सिंह (40) की गोली मारकर हत्या कर दी। उसके शव केसाथ दो दिन व तीन रात तक घर में रहा। वहीं छोटी बहन को धमकी दी कि अगर पुलिस या किसी को बताया तो उसे भी मार देगा। मंगलवार को बदबू फैलने लगी तो कहानी गढ़ी और पिता को सूचना दी। जिसपर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं नाबालिग बेटे से पूछताछ की तो सारी हकीकत सामने आ गई। पुलिस के मुताबिक पति सेना में सुबेदार मेजर (जेसीओ) के पद पर आसनसोल में तैनात है। उनको सूचना दी गई है, रास्ते में हैं। मूलरुप से वाराणसी के रहने वाले नवीन सिंह सेना में सुबेदार मेजर (जेसीओ) के पद पर तैनात है। वर्तमान में उनकी तैनाती पश्चिम बंगाल के आसनसोल में हैं। वह परिवार के साथ पीजीआई के पंचमखेड़ा स्थित जमुनापुरम कालोनी में रहते हैं। एडीसीपी पूर्वी कासिम आब्दी के मुताबिक नवीन के परिवार में पत्नी साधना सिंह, 16 साल का बेटा और 9 साल की बेटी है। तीनों पीजीआई में निर्मित मकान में रहते हैं। शनिवार रात को साधना दोनों बच्चों के साथ कमरे में सो रही थी। रात करीब 3 बजे बेटे ने पिता की लाइसेंसी पिस्तौल से सिर में गोली मार दी। जिससे साधना की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं छोटी बहन को धमकी देकर दूसरे कमरे में लेकर गया। जहां पर दोनों सो गये। सुबह उठने के बाद बहन को दोबारा धमकी दी। कहा कि पुलिस या किसी को बताया तो उसे भी जान से मार देगा। पकड़े जाने के डर से पिता को दी सूचना पुलिस के मुताबिक शनिवार रात को मां की हत्या करने के बाद आरोपी दो दिन व तीन रात तक घर में बहन के साथ पड़ा रहा। इस दौरान वह बार–बार उस कमरे में जाता था। जहां पर मां का शव पड़ा था। उस कमरे में रुम फ्रेशनर मारकर बदबू



को भगाने की कोशिश करता। मंगलवार रात करीब 9 बजे बदबू तेज हुई तो उसे डर लगने लगा। उसने आसनसोल में तैनात पिता को कॉल कर सूचना दी कि मां को किसी ने मार दिया। हम दोनों को कमरे में बंद कर दिया था। किसी तरह बाहर निकले है। इस पर पिता नवीन सिंह ने पड़ोसी दिनेश तिवारी को कॉल कर घर पर वारदात होने की जानकारी दी। दिनेश जब नवीन के घर पर पहुंचे तो वहां दोनों बच्चे बरामदे में थे। उन्होंने पूछताछ की तो बताया कि किसी ने मां को मार दिया है। जब दिनेश कमरे में गये तो वहां बदबू से खड़ा नहीं हो सके। इस पर उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों बच्चों को बाहर ले गई। वहीं कमरे को सील कर दिया। शव की पड़ताल शुरू कर दी। बेड पर खून से लथपथ शव व पिस्तौल मिली एडीसीपी पूर्वी केमुताबिक साधना का शव जिस बेड पर पड़ा था। वहीं पर नवीन का लाइसेंसी पिस्तौल भी पड़ा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पिस्तौल को फोरेंसिक यूनिट को सुपुर्द कर दिया। फोरेंसिक यूनिट ने मौके से कई साक्ष्य जुटाए। पुलिस के मुताबिक हत्या शनिवार रात में की गई थी। बदबू दूर करने के लिए रुम फ्रेशनर व डिओड्रेंट का इस्तेमाल किया जा रहा था।

## 11 दिनों तक लखनऊ मंडल के सभी जिलों में दवा वितरण प्रभावित होगा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। निदेशक प्रशासन के आदेश के बाद लखनऊ मंडल के सभी जनपदों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के फार्मेसिस्ट 8 जून से 18 जून तक लगातार 11 दिन अपने चिकित्सालय से लखनऊ आ जाएंगे और लखनऊ में आकर स्वास्थ्य कार्यकर्ता के अभिलेखों की जांच करेंगे ।इस दौरान चिकित्सालयों में दवा वितरण कार्य कैसे होगा इसका कोई जिक्र निदेशक द्वारा नहीं किया गया है। फार्मेसी एक्ट के मुताबिक केवल फार्मेसिस्ट ही औषधि वितरण कर सकते हैं उनकी अनुपस्थिति में कोई भी गैर फार्मेसिस्ट औषधियों का वितरण नहीं कर सकता । फार्मेसिस्ट एक टेक्निकल पोस्ट है उन्हें मिनिस्ट्रियल कार्यों में लगाना कहां तक उचित है ? निदेशक के आदेश के अनुसार 17713 अभ्यर्थियों के सत्यापन 8 जून से प्रारंभ होकर 18 जून तक चलेंगे 7 तारीख को 2:30 बजे सभी फार्मेसिस्ट लखनऊ आ जाएंगे । लखनऊ के 56फार्मेसिस्ट जो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत है, हरदोई के 87 , रायबरेली के 84 और सीतापुर के 40 फार्मेसिस्ट लखनऊ में आकर प्रपत्रों की जांच करेंगे और सबसे बड़ी बात तो यह है कि उनके रुकने खाने पीने की कोई व्यवस्था का जिक्र पत्र में नहीं है । लखनऊ में ही लगभग 11 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी फार्मेसिस्ट ड्यूटी पर है । निसंदेह औषधियों का वितरण बुरी तरह प्रभावित होगा । फार्मेसिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश फार्मेसी कौंसिल के पूर्व चेयरमैन सुनील यादव ने कहा कि बिना फार्मेसिस्ट के औषधि वितरण कराया जाना एक्ट के विपरीत है, और यह लगातार 11 दिनों में औषधि वितरण का प्रभावित होना जनता के हितों के प्रतिकूल होगा । वही फार्मेसिस्ट के रहने खाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है, इतनी बड़ी संख्या में विभिन्न जनपदों के फार्मेसिस्ट लखनऊ आएंगे तो उनके रहने, खाने आदि की व्यवस्था का जिक्र इस आदेश में किया जाना चाहिए था । प्रपत्रों की जांच में मिनिस्ट्रियल संवर्ग के लोग के साथ अन्य संवर्गों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जानी चाहिए थी । फार्मेसिस्ट की ड्यूटी लगाना नियमों के विपरीत है। श्री यादव ने तत्काल शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए उक्त स्थान पर किसी अन्य कर्मी की ड्यूटी लगाए जाने की मांग की है ।

## गीता फाउंडेशन ने गरीब युवती का धूमधाम से कराया विवाह

आर एल पाण्डेय गोण्डा।जनपद के झंझरी ब्लाक के ग्राम किनकी चौरी निवासिनी एवं हरियाणा प्रदेश में सक्रिय गीता चौरिटेबल फाउंडेशन की संस्थापिका व समाजसेविका श्रीमती गीता पांडेय ने जिले के भदुआ तरहर गांव के निवासी ननकऊ गौतम की सुपुत्री कुमारी नीतू का विवाह ग्राम बटौरा लोहंगी के निवासी रविन्द्र कुमार के सुपुत्र राज कुमार से करवाकर मानवता व सौहार्द का अनुपम परिचय दिया है। इन्होंने अपनी पिछले माह 16 मई को गरीब असहाय मुस्लिम परिवार की युवती का निकाह करवा कर सामाजिक सद्भाव का संदेश दे चुकी हैं। अपने मिशन के बारे में जागरूकता चर्चा करते हुए श्रीमती पांडेय ने कहा कि गरीब असहाय की सहायता करना ही मानवता का धर्म है। इस उद्देश्य की पूर्ति में वह समाज के लिए हर संभव कार्य करती रहेंगी । श्रीमति पाण्डेय ने बताया कि जब संस्था के सदस्यों से उन्हें इस परिवार के बारे में मालूम हुआ तब उन्होंने अपने साथ संस्था के सदस्यों से मालूम हुआ कि परिवार असहाय है। तब उन्होंने ने बिटिया के लिए सारे श्रृंगार सामग्री वस्त्र आभूषण व गृहस्थी के आवश्यक सामान दिल्ली से खरीद कर सदस्यों को भेजा और आयोजित समारोह में वारातियों के स्वागत खानपान व नेग का पूरा खर्च उठाया। सोमवार



को वैदिक रीति से सम्पन्न हुए विवाह में संस्था के सहयोगी देवांग मिश्रा, सुधीर पांडेय, उत्कर्ष मिश्रा, प्रशांत जैसवाल, अंकित जयसवाल समारोह के साक्षी बने। इस मौके पर संस्था से जुड़े रीता शुक्ला, अर्चना जैन, सुशमा जैन, रुचि अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, नेहा पांडेय , किरन शुक्ला, धीरज राठौड़, दीपिका भाटिया, मीनू शर्मा, अनामिका शुक्ला, योगिता चौहान, विनिता अग्रवाल, राजन अग्रवाल, दीपा जी, प्रिया पाण्डेय , अत्रिय मैम, मंजू जैन, अनिता अग्रवाल ने विवाह समारोह में शामिल होकर नवदम्पति को उपहार के साथ मंगलकामना दी।

## सौंदर्यीकरण के नाम तालाब को भी बनाया गया दारानगर में क्या भ्रष्टाचार का निवाला

पवन कुमार सिंह सीतापुर। शासन द्वारा चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर पहुंचते–पहुंचते बंदरबांट हो जाते हैं और शासन की योजनाएं भ्रष्टाचार की बलिवेदी पर रह जाती हैं अगर सक्रिय रूप से कार्यवाही की जाए तो स्पष्ट है की भ्रष्टाचार नहीं होगा।लेकिन भ्रष्टाचार की जड़ें शासन की तगड़ी कार्यवाही के बावजूद भी धरातल में जमी हुई है जिनको उखाड़ फेंकना इतना आसान न होगा। मामला लहरपुर विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत दारानगर का सामने जिसने खुलेआम भ्रष्टाचार के लोग चर्चाएं कर रहे हैं लेकिन इस पर कार्यवाही अधिकारी अमल में कब लाएंगे यह सोचने वाली बात है अगर ग्राम पंचायत में प्रधान के सहयोग से जो घोटाला हुआ है उस पर अगर अमल कर लिया जाए तो यह तय बात है, कि भ्रष्टाचार संलिप्त पर कड़ी कार्यवाही हो सकती है लेकिन ऐसा शायद होगा नहीं क्योंकि, " जब सैंया भए कोतवाल तो डर काहे का " कहावत सटीक बैठती है। यहां पर सरकारी योजना तालाब को लेकर जो




बनाई गई वह बंदरबांट हो गई ऐसी चर्चा हो रही है न तो तालाब में काम हुआ और न ही पानी का भराव अगर ऐसा हुआ है और परत दर परत दारा नगर के घोटालों की चर्चाएं हो रही हैं तो घोटालों के पीछे छिपी सच्चाई सामने आनी ही चाहिए। अगर घोटाला हुआ है, तो खुद ब खुद जांच हो तो सामने आ जाएगा अब देखना यह है आधिकारी कब तक चैन की नींद सोते रहेंगे, और घोटाले होते रहेंगे।

## उप जिला अधिकारी लहरपुर के आने से तहसील में हुआ बदलाव : कड़े तेवरों से मचा हड़कंप

रिपोर्ट अजय ब्यूरो चीफ सीतापुर : लहरपुर सीतापुर तहसील लहरपुर में जब से अनुपम मिश्रा उप जिलाधिकारी लहरपुर की कमान संभाली है तभी से संपूर्ण तहसील कार्यालय के साथ–साथ संपूर्ण तहसील क्षेत्र में हलचल सी मच गई है उप जिलाधिकारी अनुपम मिश्रा के द्वारा सभी को सख्त हिदायत दी गई है कि सभी लोग समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर निष्पक्ष तरीके से अपनी–अपनी ड्यूटी करें कोई भी दस्तावेज लंबित बनाकर न रखे जाएं ही ला हवाली एवं कोताही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी क्योंकि उप जिलाधिकारी श्री मिश्रा के द्वारा न्याय उचित ढंग से कार्य किया जा रहा है पीड़ितों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान तत्काल कराने का प्रयास किया जा रहा है भू माफिया अवैध खनन माफियाओं एवं अवैध तरीके से ईट भट्ठा संचालित करने वाले मालिकों में दहशत का माहौल व्याप्त हो चुका है लोगों का मानना है कि नियम विरुद्ध तरीके से कोई कार्य कर पाना अब संभव नहीं है उप जिलाधिकारी श्री मिश्रा निष्पक्ष तरीके से बगैर किसी दबाव के कार्य



करते हैं सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार गलत कार्य करने वालों पर उनका शिकंजा करने का कार्य किया जा रहा है जिसमें किसी प्रकार की कोताही उनके द्वारा नहीं बढ़ती जा रही हैं अपने कार्यालय से लेकर आ वा स तक पीड़ितों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करना उनकी अपनी प्राथमिकता बनी हुई है।

# थाना महराजगंज पुलिस ने लूट के आरोपी को 24 घण्टे के अन्दर किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर के कुशल पर्यवेक्षण, मे थाना महराजगंज पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0– 83/2022 धारा–392/120बी भा0द0वि0 से सम्बन्धित लूट के आरोपी अंकित यादव पुत्र बलजोर यादव निवासी जनौर थाना महराजगंज जनपद जौनपुर को उसके गाँव जनौर से दिनांक 07.06.2022 समय 09.00 बजे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता– 1.अंकित यादव पुत्र बलजोर यादव निवासी जनौर थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 83/2022 धारा 392/120बी भा0द0वि0 थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी टीम– 1.उ0नि0 श्री सन्तोष कुमार शुक्ल थानाध्यक्ष थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 श्री हरीश चन्द्र सिंह चौकी प्रभारी ए.बी. एस. थाना महराजगंज जौनपुर। 3.का0 हरेन्द्र कुमार दृथाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 4. का0 रवि यादव थाना महराजगंज जनपद जौनपुर।

### थाना चन्दवक जनपद जौनपुर के जघन्य अपराध में जनपदीय पुलिस की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी से आरोपी को दोषसिद्ध कर परिवीक्षा पर छोड़ा गया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 29.06.1995 को समय करीब 11.00 बजे दिन को घटित अपराध के सम्बन्ध में थाना चन्दवक जनपद जौनपुर में दिनांक 01.07.1995 को वादिनी श्रीमती उर्मिला देवी निवासी ग्राम बागी देवराई थाना चंदवक जिला जौनपुर की तहरीर पर मु0अ0सं0 265/1995 धारा 323,504,506 भा0द0वि0 व 3(1)10 एस0सी0/एस0टी0 ऐक्ट पंजीकृत हुआ। अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया। श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद जौनपुर द्वारा माननीय न्यायालय में विचाराधीन प्राचीनतम वादों को निस्तारित कराने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दण्डित कराने हेतु उपर्युक्त अभियोग को जनपदीय पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी हेतु निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के कुशल नेतृत्व में मानिटरिंग सेल द्वारा सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप दिनांक 07.06.2022 को माननीय विशेष न्यायाधीश अनुसुचित जाति/अनुसुचित जन जाति अत्याचार का निवारण अधिनियम जौनपुर द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्त कामता शर्मा को 1 वर्ष की अवधि के लिए सदाचार कायम रखने हेतु निम्न शर्तों पर परिवीक्षा पर छोड़ा गया– 1. अभियुक्त कामता शर्मा मु0 20000/–रू0 का निजी बन्धपत्र व समान धनराशि के दो–दो प्रतिभू जिला परिवीक्षा अधिकारी जौनपुर के समक्ष निर्णय की तिथि से 07 दिन के अन्दर निष्पादित करे। 2.बन्धपत्र निष्पादित न करने अथवा बन्धपत्र निष्पादित किये जाने के एक वर्ष के अन्दर अभियुक्त द्वारा कोई अपराध कारित किये जाने पर इस न्यायालय को वह अधिकार होगा कि अभियुक्त को तलब करे उन्हे दण्डादेश के बिन्दु पर सुनकर उसके विरूद्ध यथोचित आदेश पारित करे और दण्डादेश का अनुपालन सुनिश्चित कराये। 3. अभियुक्त परिवीक्षा अधिकारी या न्यायालय द्वारा तलब किये जाने पर इस दौरान उनके समक्ष उपस्थित आता रहेगा।

# बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास के साथ करके सीखने की क्षमता का होगा विकास : मनीष कुमार वर्मा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिकरारा विकास खण्ड के ताहिरपुर प्राथमिक विद्यालय पर जनपद के पहले डिस्कवरी लैब का उद्धघाटन बुधवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व सीडीओ अनुपम शुक्ल ने फीता काटकर किया। अपने उद्बोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि डिस्कवरी लैब के माध्यम से परिषदीय स्कूलों के बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास के साथ करके सीखने की क्षमता का विकास होगा।उन्होंने शिक्षको का आह्वान किया कि आज के दौर में जब कायाकल्प के माध्यम से परिषदीय स्कूलों को कान्वेंट स्कूलों से बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है शासन प्रशासन स्तर से भी शिक्षा के बेहतरी के हरसम्भव प्रयास किये जा रहे है फिर भी कम डिग्रीधारी कम वेतन पाने वाले कान्वेंट स्कूलों की तरफ सबका झुकाव है,इसे चुनौती के रूप में लेते हुए आप सभी को मंथन करना होगा अपनी क्षमता और योग्यता का सम्पूर्ण अंश परिषदीय स्कूलों के विकास में लगाये ताकि लोगो की परिषदीय स्कूलों के प्रति सोच में बदलाव हो सके,मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि जनपद के किसी भी कान्वेंट स्कूलों में ऐसे लैब नही होंगे जहाँ निचली कक्षाओं के बच्चों को ज्ञानवर्धक जानकारी दी जा सके। सीडीओ अनुपम शुक्ला ने कहा डिस्कवरी लैब स्थापित करने का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच का विकास करना है ताकि वे अपने जीवन के प्रत्येक कार्य को वैज्ञानिक तरीके से सम्पादित कर सके।शासन की भी मंशा है कि समुदाय को इस दृष्टिकोण से जोड़ा जाय।इसके लिए जनपद के प्रत्येक न्यायपँचायत में डिस्कवरी लैब स्थापित कराया जा रहा है आगामी 15 अगस्त तक यह परिकल्पना पूर्ण हो जाएगी।बीएसए डॉ गोरखनाथ पटेल ने कहा ताहिरपुर प्राथमिक



विद्यालय पर जनपद का पहला डिस्कवरी लैब स्थापित कराने में सीडीओ और जिलाधिकारी ने जिस तरह से रुचि लेकर हमारा मार्गदर्शन किया इसी के बदौलत कम समय मे लैब स्थापित हो गया ,भविष्य में जिलाधिकारी के नेतृत्व में हम पूरी ऊर्जा के साथ सभी न्यायपंचायतो में डिस्कवरी लैब स्थापित करा लेंगे। अभ्यागतों का स्वागत करते हुए प्रधानाध्यापक व प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा जनपद का पहला डिस्कवरी लैब जिले के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ग्रामपंचायत व समुदाय के सहयोग से सम्भव हो सका,भविष्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अपनी पूरी ऊर्जा के साथ ततपर रहूंगा। जिलाधिकारी व सीडीओ द्वारा उद्घाटन करने के पश्चात डिस्कवरी लैब में लगे विविध उपकरणों का निरीक्षण करने के साथ बच्चों से जानकारी ली।वक्ताओं में खण्डविकासअधिकारी अनिल सिंह,बीईओ राजीव यादव,आनंद प्रकाश सिंह,उदयभान कुशवाहा,नीरज श्रीवास्तव,अरविंद पाण्डेय,अश्वनी सिंह,राजू सिंह,संजय सिंह ,रोहित यादव,राजेश टोनी,चंदन सिंह,विशाल सिंह अनुज सिंह राजीव सिंह लोहिया,सचिव अरुण यादव प्रधान जयशंकर यादव डब्बू आदि रहे।संचालन सुशील उपाध्याय ने किया।

# भ्रष्टाचार व अन्य आपराधिक मामलों को लेकर पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही ही रोक

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार व अन्य आपराधिक मामलों को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैनात इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल के विरुद्ध चल रही विभागीय कार्रवाई पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने प्रदेश सरकार व संबंधित जिलों के पुलिस अधिकारियों से 6 सप्ताह में जवाब मांगा है। यह आदेश पुलिसकर्मियों द्वारा दाखिल अलग–अलग याचिकाओं पर जस्टिस राजीव जोशी व जस्टिस राजीव मिश्रा की अलग–अलग कोर्ट ने सुनवाई करते हुए दिया है। इन पुलिसकर्मियों ने अलग–अलग याचिकाएं दाखिल कर उनके विरुद्ध चल रही विभागीय कार्रवाई को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। पुलिस कर्मियों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तथा अन्य अलग–अलग धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट प्रदेश के विभिन्न जिलों में दर्ज कराई गई थी। याचिका दाखिल करने वाले इंस्पेक्टर, दरोगा, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल प्रदेश के मेरठ, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद ,अलीगढ़, कानपुर नगर, बरेली व वाराणसी में तैनात हैं। अधिकारियों ने भ्रष्टाचार व अन्य आपराधिक मामलों के आधार पर इन पुलिस कर्मियों के खिलाफ चार्जशीट दे दी एवं विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी। याची पुलिस अधिकारियों की तरफ से बहस कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम का तर्क था कि इनके खिलाफ उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दंड एवं अपील) नियमावली 1991 के नियम 14 (1) के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए जो आरोप पत्र दिए गए, वे गलत हैं। कहा गया कि विभागीय कार्रवाई पूर्व में दर्ज प्राथमिकी को आधार बनाकर की जा रही है एवं क्रिमिनल केस के आरोप तथा विभागीय कार्रवाई के आरोप एक समान हैं। इसके अलावा साक्ष्य भी एक हैं। ऐसे में इस प्रकार की कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के कैप्टन एम. पाल एंथनी मामले में दिए गए निर्णय के विरुद्ध है। अधिवक्ता विजय गौतम ने कोर्ट को बताया कि जब आपराधिक व विभागीय कार्रवाई एक ही आरोपों को लेकर चल रही हो तो विभागीय कार्रवाई आपराधिक कार्रवाई के निस्तारण तक स्थगित रखी जाए। अधिवक्ता का कहना था कि यूपी पुलिस रेग्युलेशन को सुप्रीम कोर्ट ने स्टेट्यूटरी कानून माना है और स्पष्ट किया है कि इसका उल्लंघन करने से आदेश अवैध और अमान्य हो जाएंगे।

## चतुर्थ मंगलवार को लखनऊ के प्रत्येक जोन के वार्डों में किया गया भंडारे का आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारत भारती पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह के निर्देश पर पार्टी पदाधिकारी द्वारा चतुर्थ मंगलवार को भंडारे का आयोजन लखनऊ के प्रत्येक जोन के वार्डों में किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हनुमान चालीसा की कुछ प्रसिद्ध पंक्तियों के बारे में बताया।

**चारों जुग परताप तुम्हारा, है परसिद्ध जगत उजियारा।।**
**संकट कटै मिटै सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा।।**
**अंतकाल रघुवरपुर जाई, जहां जन्म हरिभक्त कहाई।।**
**और देवता चित्त ना धरई, हनुमत सेई सर्व सुख करई।।**

चारों युग में हनुमानजी के ही परताप से जगत में उजियारा है। हनुमान




को छोड़कर और किसी देवी–देवता में चित्त धरने की कोई आवश्यकता नहीं है। द्वंद्व में रहने वाले का हनुमानजी सहयोग नहीं करते हैं। हनुमानजी हमारे बीच इस धरती पर सशरीर मौजूद हैं। किसी भी व्यक्ति को जीवन में श्रीराम की कृपा के बिना कोई भी सुख–सुविधा प्राप्त नहीं हो सकती है। श्रीराम की कृपा प्राप्ति के लिए हमें हनुमानजी को प्रसन्न करना चाहिए। उनकी आज्ञा के बिना कोई भी श्रीराम तक पहुंच नहीं सकता। हनुमानजी की शरण में जाने से सभी सुख–सुविधाएं प्राप्त होती हैं। इसके साथ ही जब हनुमानजी हमारे रक्षक हैं तो हमें किसी भी अन्य किसी की जरूरत नहीं। इस क्रम में जोन 4 विनीत खंड गोमती नगर में भंडारे का आयोजन मनोज कुमार मिश्रा द्वारा किया गया।

## इत्र उत्पाद का हुआ शुभारंभ

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत 07 जून 2022 को विकास खण्ड करंजाकला के ग्राम पंचायत काफरपुर में समूह की महिलाओं द्वारा चिर प्रतीक्षित आजीविका कार्य ''इत्र उत्पादन'' तैयार करने के कार्य का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर स्थापित किये गये प्रचलित प्रचीनतम डेग भपका



विधि प्लांट से तैयार किये जा रहे अर्क (Extract) सामग्री की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने समूह की महिलाओं व कन्नौज से आये हुए एक्सपर्ट कारीगरों से जानकारी ली तथा इस ऐतिहासिक प्राचीन कार्य को पुर्नस्थापित किये जाने पर संतोष व खुशी व्यक्त की। इस डेग भपका यूनिट से इत्र के अतिरिक्त गुलाब जल, विभिन्न जड़ीबूटियों के अर्क व साफ–सफाई में प्रयुक्त होने वाले नीम, नीबू आदि के कीटाणुनाशक पदार्थ भी बनाये जायेगें तथा प्रक्रियापरान्त निकले अवशेष सामग्री से अगरबत्ती, धूपबत्ती, हवन सामग्री, फेशपैक आदि बनाया जायेगा। उक्त उद्घाटन समारोह में उपायुक्त स्वतः रोजगार ओ0पी0 यादव, जिला मिशन प्रबन्धक श्रीमती शोभी गौर, ग्राम विकास अधिकारी नागेन्द्र यादव, ग्राम प्रधान श्रीमती अंजूलता, ब्लाक मिशन प्रबन्धक अर्जुन मौर्य, आलोक यादव, टी०ए०, कन्नौज से प्रशिक्षण प्राप्त स्वयं सहायता समूह की महिलाएं व ग्राम के निवासी उपस्थित रहे।

### मनोज सोनकर 9 जून को अनुसूचित जाति और जनजाति के व्यक्तियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का करेंगे निराकरण

जौनपुर सू.वि. : प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल ने अवगत कराया है कि माननीय सदस्य, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग, लखनऊ मनोज सोनकर 9 जून 2022 को अपराह्न 5.30 बजे सरायबीरू चौराहा, केराकत बाजार, जौनपुर आगमन के तत्पश्चात अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों से मुलाकात और उनकी समस्याओं का निराकरण तथा उनकी समस्याओं के संबंध में उप जिलाधिकारी केराकत, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी केराकत, जिला समाज कल्याण अधिकारी जौनपुर के साथ बैठक करेंगे।

## थाने में युवक को दी थर्ड डिग्री : हालत गंभीर

मेरठ ब्यूरो : मेरठ के सरधना थाने में युवक को थर्ड डिग्री दिए जाने का मामला सामने आया है। गंभीर हालत के चलते युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि पुलिस ने एक मामले में युवक को हिरासत में लेकर हवालात में डाल दिया था। मंगलवार रात को उसे थर्ड डिग्री दी



गई, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। बताया गया कि सरधना पुलिस ने मंगलवार दोपहर को किसी मामले में पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर युवक को हवालात में डाल दिया था। रात में पुलिसकर्मियों ने युवक को इतनी बेरहमी से पीटा, कि उसकी हालत बिगड़ गई। युवक की हालत बिगड़ने की सूचना पर परिजन थाने पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस ने आनन–फानन में युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। युवक अनुज पुत्र रामभूल निवासी मुल्हेड़ा है। गंभीर हालत के चलते युवक को जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। सीएचसी के चिकित्सकों के अनुसार युवक कुछ भी बोल नहीं पा रहा था। पुलिस की लापरवाही के बाद परिजनों ने थाने पर हंगामा किया। परिजनों का कहना है कि पुलिस युवक को मामले की जांच में परिजनों से पूछताछ के लिए कहकर ले गई थी। वहां उसे थर्ड डिग्री दी गई है।

# अधिशासी अभियंता मलखान सिंह साहेब पटल और क्षेत्र बदलने में शासनादेश पर कब करेंगे गौर?

पवन कुमार सिंह सीतापुर। शासनादेश होने के बावजूद अधिकारी संज्ञान नहीं ले रहे जब बड़ी अहम बात मानी जा रही है क्या अधिकार क्षेत्र में नहीं या फिर जो बातें हो रही हैं की स्थानांतरण प्रक्रिया प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग में रुपया कमाने का जरिया बन चुकी है इसे सही माना जाए ।जिस तरीके से शासनादेशों के अनुसार निर्धारित समय सीमा को पार कर चुके हैं, कर्मचारी उसके बावजूद भी वह उन्हीं जगह पर बने हुए हैं जहां से उन्हें हटा दिया जाना चाहिए था। इस तरीके से शासनादेश का पालन होता है तो फिर शासनादेशों का महत्व क्या रहेगा, यह बड़ा सवाल है?बताते चलें की बातें हो रही हैं कि अधिशासी अभियंता मलखान सिंह को कार्यालयाध्यक्ष प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग का होने के चलते यह पावर बतायी जाती है कि वह शासनादेशों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित समय सीमा से परे जो क्षेत्र(फील्ड) व कार्यालय पटल पर कर्मचारी कार्य देख रहें है, उनको परिवर्तित किया जाए। लेकिन फिर भी शासनादेशों को अनदेखा किया जा रहा है क्या अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड के पास वाकई क्षेत्र(फील्ड)व पटल बदलने की पावर नहीं, समझ से परे है? बताते चलें कि प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग ऐसे कर्मचारी हैं जो विगत लगभग 18 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं जिनका नाम अवर अभियंता डीएन सिंह बताया जा रहा है और अन्य अवर अभियंता धनीराम भार्गव,राजेश पाल व श्रवन कुमार भी निर्धारित समय सीमा से अधिक समय हो चुका है फिर भी क्षेत्र(फील्ड)में कार्य देख रहे हैं। जिस तरीके से शासन आदेशों की अवहेलना का सिलसिला प्रांतीय खंड में कायम है। उससे यह भी बातें हो रही हैं कि इन सभी के पीछे उच्चाधि



कारियों का संरक्षण है ।अगर जो जहां रहना चाहता है वहीं पर रहना चाहता है सुविधा शुल्क तो देना है,और सुविधा शुल्क तो उसी को जाएगा, जिसके पास वह पावर होगी जो स्थानांतरण कर इधर से उधर कर सकता है,तो जो कर्मचारियों का दर्द समझते हुए उनके सुर में सुर गाएगा तो यह तय है शायद कुछ न कुछ तो लिया ही होगा ।तो जिसके पास पावर है तो उसका संरक्षण माना जाएगा ।ऐसी स्थितियां बता रही हैं,चर्चाएं हो रही हैं, लेकिन अगर सच का पता लगाया जाए तो कुछ न कुछ गड़बड़ तो है ।लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सीतापुर में जिस तरीके से शासनादेशों के बावजूद समूह(ग)के कर्मचारियों का फेरबदल नहीं किया जा रहा ।जो व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है,क्या ऐसा होना चाहिए और इसके पीछे अधिकारियों का क्या मकसद है?जो साफ है की स्थानांतरण प्रक्रिया में विभागीय उच्चाधिकारी धन उगाही का जरिया बनाए हुए हैं। अब इस मामले में शासन को ध्यान देना होगा और उन उच्चाधिकारियों को इसकी जद में लाना होगा जिनके द्वारा स्थानांतरण प्रक्रिया में निर्धारित समय सीमा पार करने के बावजूद कर्मचारी एक ही जगह पर बने हुए हैं,तो क्यों? क्या वाकई में लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारियों के लिए स्थानांतरण प्रक्रिया पैसे कमाने का जरिया बन चुकी है?इस बिंदु की जांच होनी चाहिए दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।

# अलीगढ़ में गरम खाना न देने पर देवर ने भाभी का क्लच वायर से गला घोंटा : मौत

अलीगढ़ ब्यूरो : बरला क्षेत्र के गांव मदापुर में गरम खाना न देने के विवाद में सोमवार की रात देवर ने क्लच वायर से विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद वह खुद ही थाने पहुंच गया और हत्या करने की बात पुलिस को बताई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतका के पिता ने मुख्य आरोपी देवर व पति सहित छह आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी देवर को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार कासगंज जनपद के सहावर क्षेत्र के गांव भिलौली निवासी कुंवरचंद की बेटी 22 वर्षीय संध्या की शादी इसी वर्ष 6 फरवरी को मदापुर निवासी लोकेश पुत्र बहादुर के साथ हुई थी। लोकेश गुरुग्राम में नौकरी करते हैं। संध्या ससुर व देवर राहुल के साथ गांव में रहती थी। सोमवार रात ससुर किसी कार्यक्रम में गए थे। राहुल कहीं से घूमकर आया और उसने संध्या से गरम खाना मांगा। मगर संध्या ने न खाना गरम किया और न बनाया। इसी पर दोनों में बहस व गुत्थम–गुत्था हो गई। गुस्से में राहुल ने घर में पड़े बाइक के क्लच वायर से गला घोंटकर



संध्या की हत्या करदी। इसके बाद कुछ देर तक वह शव के पास बैठा रहा, फिर थाने पहुंच गया और हत्या करने की बात बताई। पहले तो पुलिस को विश्वास नहीं हुआ। जब उसने जोर देकर कहा तो पुलिस उसे लेकर पुलिस मौके पर पहुंची जहां संध्या का शव पड़ा हुआ था।

# अलीगढ़ में 10 साल पुरानी रिंग रोड पर एडीए दौड़ाएगा विकास का पहिया

अलीगढ़ ब्यूरो : महायोजना 2031 का अलीगढ़ विकास प्राधिकरण (एडीए) ने प्रारूप जारी कर दिया है। जिसमें 60 किलोमीटर लंबाई में 10 साल पहले प्रस्तावित रिंग रोड की कार्ययोजना में कोई बदलाव नहीं किया है। जबकि मौके पर वर्तमान में हालात यह हैं कि बौनेर से रामघाट रोड और दिल्ली रोड पर अवैध निर्माण हो चुके हैं। रास्ता भी संकरा हैं। ऐसे में प्राधिकरण की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं कि इस रिंग रोड का निर्माण कैसे पूरा होगा। वहीं दूसरी ओर विशेषज्ञों की मानना है कि रिंग रोड आबादी क्षेत्र से बाहर हरदुआगंज के आसपास गैर आबादी क्षेत्र से प्रस्तावित होना चाहिए ताकि अनावश्यक वाहन शहर में न प्रवेश कर पाएं। एडीए ने 2021 तक की महायोजना में भी इसी स्थान से रिंग रोड प्रस्तावित की थी। दस साल पहले अवैध निर्माण कम थे, आबादी भी नहीं थी, उन दिनों इस स्थान से रिंग रोड बनाने में एडीए सफल नहीं हो सका था। अब आसपास आबादी भी बढ़ गई है, जिसके कारण जमीन को अधिग्रहीत कर सड़क को चौड़ा करना संभव नहीं है। बेहतर होता कि प्रस्तावित रिंग रोड हरदुआगंज के गैर आबादी क्षेत्र से रामघाट रोड और उसी के बाद जवां होते हुए दिल्ली से जोड़ते। ये आएंगी दिक्कतें – आबादी क्षेत्र में जमीन की लागत अधिक होने के कारण अधिग्रहण आसान नहीं – पांच किलोमीटर लंबे सिंचाई विभाग के नाले के कारण ड्रेनेज सिस्टम की समस्या – रामघाट रोड पर चौराहा बनाया जाना संभव नहीं, क्योंकि यह कॉमर्शियल क्षेत्र है – क्वार्सी चौराहे पर पहले से ही जाम रहता है, इसके बनने से जाम और बढ़ेगा आबादी के बाहर रिंग रोड होगा आसान बौनेर से हरदुआगंज के आसपास तक रिंग रोड गैर आबादी क्षेत्र में होने के कारण आसान होगा। इस क्षेत्र में किसानों की जमीन अधिग्रहीत करने में आसानी होगी। इसके बाद हरदुआगंज से जवां और अनूपशहर रोड



से दिल्ली रोड पर जोड़कर बेहतर रिंग रोड बनाया जा सकता है। पनैठी से आगरा रोड होते हुए दिल्ली के लिए जीटी रोड पहले से ही फोरलेन बना हुआ है। विशेषज्ञ की टिप्पणी: व्यावहारिक नहीं प्रस्तावित रिंग रोड बौनेर से क्वार्सी और उसके बाद दिल्ली रोड तक जोड़ने के लिए यह रिंग रोड व्यवहारिक नहीं है। यदि यह रोड व्यवहारिक होती तो दस साल पहले ही बन जाती। एक तो पूरे इलाके में आबादी हो गई है, दूसरे रिंग रोड के बराबर सड़क को चौड़ा करने के लिए पर्याप्त जगह भी नहीं है। आसपास की जमीन कीमती होने के कारण उसे खरीदा जाना भी संभव भी नहीं है। बेहतर तो यह होगा कि इसके स्थान पर गैर आबादी क्षेत्र हरदुआगंज से होकर रिंग रोड को निकाला जाए। अरुण श्रीवास्तव, विशेषज्ञ, हाईवे यह महायोजना 2031 का प्रस्ताव है। जिसमें लोगों से एक महीने तक आपत्तियां मांगी गईं हैं। इन आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद ही अंतिम रूप देकर शासन में अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। जो भी प्रस्ताव तार्किक होंगे और विशेषज्ञों की राय भी उनके लिए सही होगी, उसी के अनुसार प्राधिकरण शासन में संस्तुति करेगा।

# मंगल को जन्मे मंगल ही करते : मंगलमय हनुमान से गुंजायमान हुआ हनुमान गढ़ी का दरबार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) ज्येष्ठ मास के चौथे मंगलवार को भी बड़े मंगलवार के रुप में मनाया गया।इस दिन राम नगरी में सुबह से लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े पड़े। यहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां सरयू के पुण्य सलिल में डुबकी लगाई और फिर अयोध्या के राजा बजरंगबली के दरबार पहुंचकर हनुमानगढ़ी में माथा टेका। सिद्धिपीठ नाका हनुमान गढ़ी में बजरंगबली का विशेष अभिषेक व पूजन किया गया। हनुमानगढ़ी में पूरे दिन दर्शनार्थी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।ज्येष्ठ माह का प्रत्येक मंगलवार बड़े मंगलवार के रुप में मनाया जा रहा है। नाका हनुमानगढ़ी में सुबह चार बजे हनुमान लला का भव्य अभिषेक किया गया। दूध, दही, घी और पंचामृत के साथ बजरंगबली का अभिषेक किया गया।पीठाधिपति महंत रामदास ने हनुमान लला का विधि विधान के साथ पूजन कर 51 किलो बेसन के लड्ड्डू से भोग लगाया। मंगला आरती के बाद मंदिर का पट भक्तों के लिए खोल दिया गया। इस दौरान मंदिर मंगल को जन्मे, मंगल ही करते, मंगलमय हनुमान और बजरंगबली के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। वहीं एक कुंतल फूलों से हनुमाल लला का भव्य दरबार सजाया गया।राम नगरी में हनुमान गढ़ी पर ज्येष्ठ के चौथे मंगलवार आस्था की भीड़ दिखाई दी। सुबह मंगला आरती के बाद से ही मंदिर में हनुमान लला के दरबार में भक्त पहुंचकर दर्शन पूजन किया और माथा टेका। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन उन्हें रोक–रोककर जत्थों में दर्शन के लिए भेज रहा है।



वहीं प्रवेश और निकास का मार्ग भी अलग–अलग निर्धारित किया गया है।मंगलवार को परम्परागत रूप से भारी भीड़ की संभावना को ध्यान में रखकर पुलिस प्रशासन ने वाहनों के डायवर्जन की व्यवस्था लागू की है। इसके कारण शहर में चार पहिया बाहरी वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से निषिद्ध कर दिया गया। गोण्डा–बस्ती व अम्बेडकर नगर जनपद से आने वाले वाहनों को बालूघाट बरहटा के निकट ही रोक दिया गया है। इसी तरह अयोध्या कैंट से आने वाले वाहनों को उदया चौराहे से डायवर्ट किया गया है। इसके कारण श्रद्धालुओं को कई किमी. पैदल चलना पड़ा। सामान व छोटे बच्चों के साथ आए श्रद्धालुओं को कड़ी धूप में पैदल चलना बड़ी चुनौती साबित हो रही है।

# शाम ढलते ही शुरु होता है बड़ी–बड़ी पोकलैंड और जेसीबी मशीनों से खनन : डीएम खुद मान रहे खनन निरीक्षक की लापरवाही

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सरकार कोई भी हो अयोध्या की पहचान सरयू के बिखरे मोतियों की तस्करी कभी नहीं थमी। खनन विभाग के अधिकारी नाराज हुए तो अवैध खनन सामने आई नहीं तो रेत माफियाओं के काकस के सामने सभी बौने पड़ते रहे हैं। दोनों का रिश्ता ऐसा है कि कभी झड़प भी होने की नौबत नहीं आती। अयोध्या सहित आसपास के क्षेत्रों में सरयू का रेत हजारों एकड़ में बिखरा हुआ है।बरसात शुरू होने से पहले अवैध रेत जुटाकर उसे डंप करने की होड़ मची हुई है।हाल यह है कि अयोध्या का जिला प्रशासन खनन माफिया के हाथों की कठपुतली बना हुआ है।शाम ढलते ही बड़ी–बड़ी पोक लैंड और जेसीबी मशीनों से खनन माफिया सरयू का सीना छलनी करवा रहा है।मानक के विपरीत खनन माफिया ने बड़ी तादाद में सरयू से रेत निकाल डाली है। दूसरे खनन कराने वाले किसानों की शिकायत कर माफिया ने जिला प्रशासन के जरिए मौखिक रूप से बालू घाट बंद करवाया दिया है।सरयू नदी के किनारे चलने वाले तिमाही घाटों पर खनन माफिया की सांठ गांठ के चलते ग्रहण लग गया है।हाल यह है कि घाटों से बालू निकालने को लेकर 3 माह का पट्टा कराने वालों में बरसात की आहट व प्रतिबंध के चलते हडकंप मचा हुआ है।जिले के कई घाटों के बंद होने से खनन माफिया के घाट पर ओवरलोड ट्रकों की लंबी कतारें लगी रहती है।फिलहाल अयोध्या के जिलाधिकारी नितीश कुमार का कहना है कि खनन इंस्पेक्टर के काम में कई खामियां मिली हैसइसको लेकर जल्द ही कार्यवाही देखने को मिलेगी।जनपद के कोतवाली अयोध्या, कैंट और थाना महाराज गंज क्षेत्र में आने वाले सभी बालू घाटों को प्रशासन ने मौखिक रूप से बंद करवा रखा है।सूत्रों के अनुसार कोतवाली रुदौली के बालू घाट पर अयोध्या का जिला प्रशासन की मेहरबानी खनन से जुड़े लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई है।सूत्रों की माने तो माफिया को एक राजनीतिक दल का खुलेआम संरक्षण भी बताया जा रहा है। सरयू तट के हजारों एकड़ की रेत को मनमाने तरीके से खनन कर माफिया अरबों के राजस्व का चूना लगा रहे हैं। रोज पांच करोड़ से ज्यादा की रेत खनन कर सरकार को अरबों का चूना लगाया जा रहा है। खनन विभाग व माफियाओं का रिश्ता इतना मध ुर है कि पिछले कुछ सालों में शायद माफियाओं से खनन विभाग व पुलिस की झड़प भी हुई हो। चूंकि पुलिस विभाग खनन को लेकर सीधे जिम्मेदार नहीं है पर कानून व्यवस्था के नाम पर माफियाओं की मलाई खुद उसके दरवाजे पहुंचती रहती है। अयोध्या में अभी रेत का ट्रक 8 हजार व ट्राली 2 हजार में बिक रहा है। खदान बंद होने पर 5 हजार रूपए ट्राली बिक्री होती हैस अयोध्या के रवि दास मंदिर के महंत माह भर पहले अवैध डंपिंग को लेकर प्रशासन से शिकायत भी कर चुके हैं। अवैध खनन व डपिंग का खेल खुलेआम चल रहा है। बरसात के पहले सरयू के तट पर रेत खनन की लूट है तो बरसात बाद निर्माण कार्य कराने वालों की जेब पर डाका पड़ना तय है।

# संतकबीर नगर में कसरवल आंदोलन की 8वीं वर्षी पर निषाद पार्टी द्वारा स्मृति दिवस समारोह का आयोजन संपन्न

मृत्युन्जय प्रताप सिंहः निषाद पार्टी सुप्रीमो व माननीय कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद जी आज संत कबीर दास जी परिनिर्वाण स्थली, मगहर जनपद संत कबीर नगर के दौरे पर रहे, श्री निषाद जी आज कसरवल रेल रोको आंदोलन की 8वी वर्षी पर निषाद पार्टी द्वारा आयोजित स्मृति दिवस समारोह में शिरकत करने पहुँचे थे। श्री निषाद जी ने निषाद पार्टी, राष्ट्रीय निषाद एकता परिषद एवं संघर्षो के साथी जो अब ईश्वर में लीन हो गए हैं उनको याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्री निषाद जी ने बताया कि कसरवल आंदोलन निषाद पार्टी और राष्ट्रीय निषाद एकता परिषद के लिए अहम कड़ी था जिससे पार्टी और संगठन को एक नया नाम और मुकाम मिला किन्तु पुलिस फायरिंग में हमारा भाई शहीद हो गया। श्री निषाद जी ने शायराना अंदाज में कहा कि 'मौत की चिंता नही सताती मुझे। मेरे सपनों का अधूरापन सताता है।।' 'आज भी दिल मे जल रही है आग। मेरा जुनून ये बताता है।। श्री निषाद जी ने मंच से संबोधन में कहा कि कसरवल आंदोलन के बारे में जब कभी भी मन में विचार आता है तो मैं रातो रात सो नही पाता हूं। जीवन का एक ऐसा अध्याय जिसमे ना जाने कितने रंग रूप देखने को मिले सत्ता का कुशासन, प्रशासन का तांडव और मेरे समाज का मेरे प्रति स्नेह, श्री निषाद जी ने कहा कि आज 8 वी वर्षगांठ पर मैं आप सब लोगो का दिल से आभार व्यक्त करना चाहूंगा कि आप लोगो ने विश्वाश, संयम, धैर्य रखकर हर बार समाज को आगे ले जाने के लिए मुझ पर भरोसा किया। मैं आपके भरोसे का कतरा कतरा वापस करुगा यह भी मेरा वादा है। मुझे याद है पुलिस फायरिंग से लेकर मेरी और मेरे साथियो के फरारी काटने के वो दिन, मुझे याद है मेरे एनकाउंटर के लिए ढूंढते वो पुलिसवाले, मुझे याद है कसरवल आंदोलन में स्वर्गीय गोविंदा निषाद का महिलाओं के झुंड के साथ मुझे बीच मे रखकर बाहर निकालना,



मुझे यह भी याद में कि मेरी पत्नी मालती देवी के पैरों पर से सैकड़ो लोगो का गुजरजाना। 'याद क्यों नही होगा क्योंकि वो दिन मुझे याद दिलाते है अभी तो यह अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है, अभी तो यह अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है। निषाद ने संतकबीर नगर से माननीय सांसद ई. प्रवीण निषाद जी को संबोधित करते हुए कहा कि वो आज एक पिता नही एक राष्ट्रीय अध यक्ष की हैसियत से आदेशित कर रहे हैं कि संसद के मॉनसून सत्र में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के जवाब पर त्व्फ और केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण जरूर मांगे, जरूरत लगे तो प्रवीण सुप्रीम कोर्ट का रुख करे निषाद पार्टी का एक एक कार्यकर्ता डॉ संजय बनकर उसके साथ है। जब से मंत्रीपद मिला कुछ शिकायत होने लगी है, हा मैं मानता हूं कि मेरी व्यस्तता इतनी होने लगी है कि मैं पहले की तरह अब आप लोगो से बात नही कर पा रहा हूं, आपने मेरे जीवन को मेरे जन्म दिन के दिन मुझे नया जीवन दान दिया, परंतु मुझे भी कर्ज उतारने का मौका मिलना चाहिए मैं दिन रात बैठक करता हूँ कि मत्स्य मंत्रालय से मैं कैसे अपने समाज और कार्यकर्ताओं का भला कर सकू, इसलिए आप सबसे अनुरोध ही नही अपील भी की आपको भड़काने वाले कई मिलेंगे पर रास्ते से हटना नही उसको भी मिलाकर साथ चलने का काम करना है।

# श्रद्धा पूर्वक मनाई गई संत श्रीराम द्विवेदी की 12वीं पुण्यतिथि : पुष्प चढ़ाकर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले की सियासत के स्तंभ के तौर पर स्थापित और तीन बार 1977, 1989,1991 में बीकापुर सीट से विधायक चुने गए संत श्रीराम द्विवेदी की 12वीं पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गई।इस बार आवास पर ही कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ के साथ हुई। तत्पश्चात उनके ज्येष्ठ पुत्र आनंद कुमार द्विवेदी ने उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।उनके पौत्र सपा नेता महर्षि द्विवेदी राम ने कहा कि बाबा जी के आदर्श समाज में जीवित हैं। उन्होंने सदैव दलगत विचारधारा से ऊपर उठकर लोक कल्याण की भावना से हर वर्ग के लोगों के लिए संघर्ष किया। हम लोग बाबा जी के द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर आजीवन समाज सेवा का कार्य करते रहेंगे, यही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।इस मौके पर एडवोकेट राम लक्ष्मण तिवारी, रामतेज तिवारी, सुरेंद्र यादव, एडवोकेट देवर्षि द्विवेदी, राजर्षि द्विवेदी, मधु द्विवेदी, माया तिवारी, अभिषेक मिंकू आदि ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में अयोध्या विधानसभा के जेबी पुरम कॉलोनी में पाकड़, पीपल परिजात व कई प्रकार के औषधीय पौधों का पौधरोपण किया।

# बीकापुर में एक रस्म के दौरान सड़क हादसे में महिला समेत दो लोगों की मौत

अयोध्या।(डाक्टर आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता)जिले के बीकापुर में किसान सेवा सहकारी समिति के पास देर रात अयोध्या––प्रयागराज हाईवे पर लावा मांगने की रस्म के दौरान सड़क हादसा हो गया। एसयूवी गाड़ी ने रस्म निभा रहे लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।कस्बा बीकापुर वार्ड संख्या एक निवासी उमेश यादव की बहन की सोमवार को शादी थी। बारात सुल्तानपुर जनपद के कूरेभार थाना क्षेत्र से आई थी। वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान रात 12 बजे हाईवे के किनारे लावा मांगने की रस्म की जा रही थी। लावा मांगने की रस्म में बाजा बजाने वाले और महिलाएं शामिल थीं।अचानक सुल्तानपुर की तरफ से अयोध्या की तरफ जा रही तेज रफ्तार गाड़ी ने रस्म में शामिल लोगों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। ग्रामीणों ने पीछा करके पूरा कलंदर पुलिस की मदद से पिपरी टोल प्लाजा के पास कार को रोक लिया। जैसे ही लोग आगे बढ़े चालक गाड़ी से उतरकर फरार हो गया। इस हादसे में महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सीता पत्नी सियाराम निवासी बसवार कुचेरा बाजार थाना इनायतनगर, प्रकाश चंद 40 वर्ष निवासी शंकरपुर बीकापुर, रमजान अली 32 वर्ष निवासी पुरखीपुर थाना कूरेभार सुल्तानपुर, गुलशेर अली 35 वर्ष निवासी पुरखी पुर थाना कूरेभार सुल्तानपुर शामिल हैं। सड़क हादसे के बाद मौके पर पहुंचे समाजसेवी दीपक तिवारी ने राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर में भर्ती कराया। लेकिन हालत गंभीर होने के चलते इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जिला अस्पताल पहुंचने पर 36 वर्षीय सीता की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल रमजान की मेडिकल कॉलेज लखनऊ ले जाते समय मौत हो गई। दो अन्य घायलों में प्रकाश चंद और गुलशेर अली का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पता चला है कि हादसे का शिकार हुई मृतका सीता अपनी मौसी के यहां वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आई थीं। वहीं गुलशेर रस्म के दौरान बाजा बजा रहा था। प्रभारी निरीक्षक सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# चाचा ने भतीजे को पीट–पीटकर उतारा मौत के घाट : वारदात के बाद परिवार संग आरोपी फरार

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के गुन्नधौर गांव में सगे चाचा द्वारा मंगलवार को पीट पीट कर भतीजे की हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद चाचा परिवार समेत घर में ताला बंद कर फरार हो गया है।मृतक युवक के परिजनों की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी चाचा की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि गोबर उठाने को लेकर घटना हुई, जबकि जादू टोने के शक में हत्या की बात भी सामने आ रही है।पुलिस के मुताबिक बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के गुन्नधौर गांव में मंगलवार सुबह गोबर उठाने को लेकर चाचा भोला यादव और उसके भतीजे अर्जुन यादव पुत्र स्वर्गीय श्याम लाल यादव में विवाद हो गया, जिसे लेकर चाचा भोला यादव ने लाठी डंडों से भतीजे की पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन–फानन में ग्रामीण उसे बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।हालांकि वारदात के पीछे जादू टोने की बात भी सामने आ रही है। बताया जाता है कि कुछ दिनों पहले चाचा भोला यादव के पुत्र की मौत हो गई थी। उसे शक था कि भतीजे ने जादू टोना कराया, जिससे उसके पुत्र की मौत हो गई।इस संबंध में कोतवाल का कहना है कि जादू टोने की चर्चा निराधार है। घटना गोबर उठाने को लेकर हुए विवाद में हुई है। उन्होंने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और दबिश दी गई तो परिवार के साथ आरोपी फरार पाया गया। आरोपी की तलाश की जा रही है। वारदात के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।

# निकायों में संविदा कर्मियों का वेतन रोका तो बताना होगा कारण : निदेशालय ने मांगी जानकारी

लखनऊ ब्यूरो : नगर निकायों में संविदा कर्मियों को वेतन देने में अब मनमानी नहीं चलेगी। बिना वजह वेतन रोककर कर्मचारियों को परेशान करने वालों के खिलाफ शासन ने सख्ती करने के निर्देश दिए हैं। कहा है कि अगर जरूरी है तभी संविदा कर्मियों का वेतन रोका जाए और इसका वाजिब कारण भी बताया जाए। वेतन रोकने के मामलों के संबंध में स्थानीय निकाय निदेशालय ने निकायों से जानकारी मांगी है। संयुक्त निदेशक स्थानीय निकाय गंगा राम गुप्ता की ओर से निकायों को भेजे गए पत्र में कार्यरत सभी प्रकार के नियमित संविदा, दैनिक, आउटसोर्स कर्मियों के वेतन भुगतान की स्थिति के बारे में जानकारी मांगी गई है। यह भी पूछा गया है कि संविदा कर्मियों को वेतन देने में किसी प्रकार की दिक्कत तो नहीं है। दरअसल, पिछले कई सालों में भर्ती न होने से सभी 730 नगर निकायों में जरूरत के आधार पर संविदा या ठेके पर कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। ज्यादातर निकायों के कर्मचारियों की यह



शिकायत रहती है कि कई महीनों से उन्हें वेतन नहीं दिया जा रहा है और परेशान किया जाता है। इस प्रकार की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए ही शासन ने संविदा कर्मियों को समय पर वेतन देने के साथ ही उनका वेतन रोकने के संबंध में मजबूत कारण बताने के निर्देश दिए हैं।

# मानहानि के मामले में अभिनेत्री मुनिशा खटवानी सहित चार लोगों पर उत्पीड़न की कार्यवाही पर रोक

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने टीवी सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है, के अभिनेता की ओर से फिल्म अभिनेत्री मुनिशा खटवानी सहित चार लोगों के खिलाफ मानहानि के मामले में राहत देते हुए उत्पीड़न की करवाई पर रोक लगा दी है। साथ ही उन्हें नोटिस जारी करते हुए तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति सैयद आफताब हुसैन रिजवी की पीठ ने मुनीशा खटवानी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। मामले में टीवी सीरियल के अभिनेता करन मेहरा ने पत्नी की अभिनेत्री मित्र सहित चार लोगों के खिलाफ शिकायत की थी। गौतमबुद्धनगर की अदालत ने मामले में सुनवाई कर याची मुनीशा खटवानी सहित सभी चारों लोगों के खिलाफ समन जारी किया है। याची ने उसी के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए मामले में जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। याची की ओर से कहा गया कि प्रतिवादी करन मेहरा का अपनी पत्नी निशा रावल से विवाद



है। निशा ने उत्पीड़न पर अपने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। याची, उसके पति व दो अन्य लोगों ने पत्नी का पक्ष लिया। इससे अभिनेता को बुरा लगा और उसने अदालत में मानहानि का परिवाद दाखिल कर दिया।

# जेठ के चौथे बड़े मंगल पर मोती नगर में सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन संपन्न

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : ऐशबाग स्थित मोती नगर में स्टेशन के पास सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा शशांक सिंह द्वारा आयोजित किया गया । जेठ के चौथे बड़े मंगल पर सुंदरकांड और भंडारा का आयोजन किया गया । शशांक सिंह द्वारा भंडारे का आयोजन हर वर्ष की भांति किया जाता है इस अवसर पर अखंड



सुंदरकांड और विशाल भंडारा का आयोजन किया । सिंह परिवार ने विधि विधान से पूजा पाठ करने के उपरांत समस्त देशवासियों को श्रद्धालुओं को विशाल भंडारा का प्रसाद वितरण किया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण करने के उपरांत अपना आशीर्वाद दिया व सुख शांति की दुआएं की और बताया ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा फैलता है और समाज के लोगों के कल्याण के लिए श्रद्धालुओं ने दुआ की , अखंड सुंदरकांड एवं विशाल भंडारा का आयोजन शशांक सिंह के द्वारा हर वर्ष की भांति किया गया । इनके परिवार एवं मित्रगण जिन्होंने सहयोग किया शशांक सिंह ,मृत्युंजय प्रताप सिंह ,हर्ष चतुर्वेदी, मयंक सिंह, उत्कर्ष चतुर्वेदी ,आयुष सिंह समस्त सिंह परिवार द्वारा आयोजित किया गया।

## राजकीय इंटर कॉलेजों को मिले 402 प्रवक्ता : यूपीपीएससी ने जारी किया 10 विषयों का चयन परिणाम

प्रयागराज ब्यूरो : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने मंगलवार को प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इंटर कॉलेज परीक्षा–2020 का अंतिम चयन परिणाम घोषित कर दिया। आयोग ने 10 विषयों में प्रवक्ता के 402 पदों पर अभ्यर्थियों को चयनित घोषित कर दिया है। पहली बार यह भर्ती लिखित परीक्षा के माध्यम से कराई गई। इससे पूर्व सीधे इंटरव्यू के जरिये से भर्ती होती थी। इस बार प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा आयोजित की गई और मुख्य परीक्षा के आध ार पर अंतिम चयन परिणाम घोषित किया गया। मुख्य परीक्षा 13 मार्च को प्रयागराज और लखनऊ के 33 केंद्रों में आयोजित की गई थी। मुख्य परीक्षा के लिए 14071 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से पहली पाली में 12835 और दूसरी पाली में 12817 परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। मुख्य परीक्षा के आधार पर आयोग ने अब दस विषयों में प्रवक्ता के 402 पदों का अंतिम चयन परिणाम जारी किया है। इनमें नागरिक शास्त्र, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, इतिहास, भौतिक विज्ञान, समाजशास्त्र, उर्दू और गृह विज्ञान विषय शामिल हैं। गृह विज्ञान में केवल महिला शाखा और बाकी विषयों में महिला एवं पुरुष शाखा के पदों का रिजल्ट जारी किया गया है। परीक्षा नियंत्रक अरविंद कुमार मिश्र के अनुसार परिणाम पूरी तरह से औपबंधिक है। सभी अभ्यर्थियों के मूल प्रमाणपत्र आदि के सत्यापन के बाद नियुक्ति के संस्तुति पत्र प्रेषित किए जाएंगे। सत्यापन की सूचना बाद में जारी की जाएगी। प्राप्तांक एवं श्रेणी कटऑफ अंक की सूचनाएं संस्तुति पत्र प्रेषित करने के बाद आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएंगी। दो विषयों में व्याख्याता के 270 पदों पर चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने प्राविधिक शिक्षा विभाग के दो विषयों में व्याख्याता के 270 पदों का अंतिम चयन परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया। इनमें व्याख्याता विद्युत अभियंत्रण के 213 और व्याख्याता भौतिकी के 57 पद शामिल हैं। परीक्षा परिणाम आयोग के सूचना बोर्ड एवं वेबसाइट पर उपलब्ध है। व्याख्याता विद्युत अभियंत्रण एवं भौतिकी विषय की लिखित परीक्षा का परिणाम पांच अप्रैल 2022 को जारी किया गया था। इसके बाद विद्युत अभियंत्रण के अभ्यर्थियों के इंटरव्यू 23 मई से एक जून और व्याख्यात भौतिकी के अभ्यर्थियों का इंटरव्यू दो से चार जून तक कराए गए। व्याख्याता विद्युत अभियंत्रण के रिजल्ट में अमित कुमार मिश्र ने टॉप किया है, जबकि निजामउद्दीन को मेरिट में दूसरा और सौरभ कुमार सिंह को तीसरा स्थान मिला है। वहीं, व्याख्याता भौतिकी के परिणाम में फैजान बेग ने मेरिट में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है, जबकि हिमांशु चौहान एवं नमन शर्मा को क्रमशः दूसरा एवं तीसरा स्थान मिला है। आयोग के परीक्षा नियंत्रक अरविंद कुमार मिश्र के अनुसार चयन परिणाम न्यायालय में योजित विशेष अपील में पारित होने वाले अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा। परीक्षा के प्राप्तांक एवं कटऑफ अंक जल्द ही आयोग की वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। मेडिकल अफसर भर्ती के प्राप्तांक, कटऑफ आज होंगे जारी उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से मेडिकल अफसर की सीधी भर्ती में शामिल अभ्यर्थियों के प्राप्तांक एवं कटऑफ अंक आठ जून को आयोग की वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। प्राप्तांक एवं कटऑफ अंक आयोग की वेबसाइट पर 14 जून तक उपलब्ध रहेंगे। आयोग के संयुक्त सचिव विनोद कुमार सिंह के अनुसार अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक एवं जन्मतिथि के आधार पर प्राप्तांक और कटऑफ देख सकते हैं।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।